स्कूल समुदाय **घोषणा-पत्र**

Collaborative. Respectful. Communication.
सहयोगपूर्ण। सम्मानपूर्ण। संपर्क व बात-चीत।

निम्नलिखित स्कूल समुदाय घोषणा-पत्र, NSW के स्कूलों में माता-पिता, देखभाल कर्ताओं, शिक्षा प्रदान कर्ता व स्कूल स्टाफ़ की ज़िम्मेदारियों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा पढ़ाई का वातावरण सहयोगपूर्ण, सहायतापूर्ण व एक दूसरे को जोड़ने वाला है।

हम एक दूसरे के साथ आदरपूर्ण व्यवहार करते हैं

हमारे स्कूल क्या प्रदान करते हैं

NSW के सार्वजनिक स्कूल विद्यार्थियों, स्टाफ़ व विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहायता देने वाले सम्पूर्ण स्कूल समुदाय के लिए सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए काम करते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करते हैं कि प्रत्येक विद्यार्थी को जाना जाए, महत्व दिया जाए व उसकी देखभाल की जाए।

सर्वोत्तम शिक्षा तभी मिलती है जब माता-पिता व स्कूल मिल-जुल कर काम करते हैं।

स्कूल समुदाय घोषणा-पत्र NSW Department of Education की युक्तिपूर्ण योजना 2018 – 2022 से मेल खाता है।

सकारात्मक वातावरण

यह आवश्यक है कि हमारे NSW के सार्वजनिक स्कूलों में सकारात्मक वातावरण हो तथा माता-पिताओं व देखभाल कर्ताओं को विद्यार्थियों की उन्नति व स्कूल की घोषणाओं की जानकारी मिलती रहे।

माता-पिता व देखभाल कर्ता निम्नलिखित की आशा कर सकते हैं:

- विद्यार्थियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए उनका स्कूल में स्वागत किया जाता है जिससे कि वे साझेदारी में काम कर सकें।
- स्कूल स्टाफ़ के साथ संपर्क व बात-चीत सही समय पर, विनम्र व जानकारी पूर्ण होगा।
- स्कूल स्टाफ़ के साथ व्यावसायिक संबंध का आधार स्पष्टता, इमानदारी व पारस्परिक आदर होता है।
- उनके साथ उचित रूप का व्यवहार किया जाए। सहनशीलता व समझदारी को बढ़ावा दिया जाता है क्योंकि हम विविधता का आदर करते हैं ।

हम सभी विद्यार्थियों व स्टाफ़ के हित को प्राथमिकता देते हैं

हमारे स्कूलों में **असुरक्षित व्यवहार** मान्य नहीं है

हम स्कूल के साथ मिल कर काम करते हैं

NSW के सार्वजनिक स्कूलों के समुदायों के सभी सदस्यों के लिए आदर पूर्ण पढ़ाई का वातावरण सुनिश्चित करना।

© NSW Department of Education -

हम सहयोगपूर्ण पढ़ाई का वातावरण बनाते हैं

हम सब इसमें हिस्सा लेते हैं

विद्यार्थियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी में काम करते हैं

हमारे स्कूलों से संपर्क व बात-चीत करना

हमारा स्टाफ़ आपसे बात-चीत करने के लिए समय निकालेगा जब वे आपसे बात करने में पूरा ध्यान दे पाएँ। कृपया याद रखें कि हो सकता है कि यदि हमारा स्टाफ़ कक्षा में है या कुछ और कर रहा है तो वे आपके प्रश्नों का उत्तर तुरंत नहीं दे सकते हैं।



हमारे स्कूल व समुदाय सुनिश्चित करेंगे कि लिखित संपर्क उचित, सही व पढ़ने में आसान हो। अपने स्कूल से जुड़ने व स्कूल समुदाय में आने वाले कार्यक्रमों के बारे में नवीन जानकारी पाने के लिए हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप ईमेल व सामाजिक मीडिया का उचित उपयोग करें।

माता-पिता, देखभाल कर्ताओं व विद्यार्थियों के लिए हमारी मार्गदर्शिका शिकायत करने की प्रक्रिया के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है: https://education.nsw.gov.au/about-us/rights-and-accountability/complaints-compliments-and-suggestions/guide-for-parents-carers-and-students

आदरपूर्ण संपर्क व बात-चीत करना एक अधिकार है

सभी कार्यस्थलों में लोगों का अधिकार होता है कि उनके साथ आदर पूर्ण व्यवहार हो। अनुचित व अपमानजनक व्यवहार की हमारे स्कूल समुदाय में कोई जगह नहीं है।

हमारे स्कूलों में विद्यार्थियों, स्टाफ़ व समुदाय के हित को सुनिश्चित करने के लिए अनुचित व्यवहार का समाधान करने के लिए कदम उठाए जाएँगे। इसमें स्कूल समुदाय से संपर्क को सीमित करना या अधिक गम्भीर केसों में NSW पुलिस को बताना शामिल हो सकता है।

अस्वीकार्य व्यवहार में निम्नलिखित शामिल हैं पर यहीं तक सीमित नहीं हैं :

- आक्रामक या डराने वाले कार्य, जैसे कि हिंसा, धमकी देने वाले हाव-भाव या शारीरिक समीपता।
- आक्रामक या डराने वाली भाषा, जिसमें गन्दी भाषा, लिंग व जाति संबंधी अनादर-पूर्ण टिप्पणियाँ या अशिष्ट लहज़े में बात करना शामिल है।
- स्कूल समुदाय के सदस्यों से भिन्न व्यवहार करना क्योंकि उनका धर्म अलग है या वे विकलांग हैं
- अनुचित व समय ख़राब करने वाला संपर्क व बात-चीत।

सहयोगपूर्ण।
सम्मानपूर्ण।
संपर्क व बात-चीत।

School Community **Charter**